**बिहार सरकार**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक– प्र0–06 / विविध–(PoS)–04 / 2020 773 खाद्य / दिनांक 11/02/2020

प्रेषक,

चन्द्रशेखर, भा0प्र0से0,
सरकार के अपर सचिव।

प्रेषित,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

**विषय :– जन वितरण प्रणाली दुकानों में अधिष्ठापित e-PoS यंत्र के माध्यम से दिनांक–12.02.2020 से 15.02.2020 तक अभियान चलाकर आधार सीडिंग एवं लाभुकों का सत्यापन कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित लाभुकों में से छुटे हुए लाभुकों के आधार संख्या की प्रविष्टि एवं सत्यापन जन वितरण प्रणाली दुकानों में अधिष्ठापित e-PoS यंत्र के द्वारा e-KYC के माध्यम से करने हेतु सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को प्रशिक्षण दिया गया है। e-PoS यंत्र के माध्यम से शत–प्रतिशत ऑन लाईन खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने हेतु यह आवश्यक है कि छुटे हुए लाभुकों का आधार संख्या की प्रविष्टि तथा e-KYC के माध्यम से सत्यापन जन वितरण प्रणाली दुकानों में अधिष्ठापित e-PoS यंत्र द्वारा अभियान चलाकर किया जाय। इसके लिए छुटे हुए लाभूकों की संख्या के आधार पर कार्यक्रम निर्धारित करते हुए जिला समन्वयक एवं प्रखंड समन्वयक को निदेशित किया जाना आवश्यक है। विभाग द्वारा Linkwell Telesystems Pvt. Ltd. Hyderabad, Telangana के माध्यम से उपलब्ध कराये गये e-PoS यंत्र में निम्न सुविधा उपलब्ध है :–

1. Member Verification
2. Beneficiary Verification
3. Aadhaar Seeding.

अतः अनुरोध है कि उनका e-PoS यंत्र के द्वारा e-KYC के माध्यम से सत्यापन एवं आधार सीडिंग का कार्य दिनांक–12.02.2020 से 15.02.2020 तक अभियान चलाकर सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

11/2

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– प्र0–06 / विविध–(PoS)–04 / 2020 773 खाद्य / दिनांक 11/02/2020

प्रतिलिपि – अपर जिला दण्डाधिकारी (आपूर्ति), पटना / विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, पटना / सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/2

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–प्र0–06 / विविध–(PoS)–04 / 2020 773 खाद्य / दिनांक 11/02/2020

प्रतिलिपि–श्री गुरू प्रसाद, तकनीकी निदेशक, हैदराबाद, तेलंगाना एवं Linkwell Telesystems Pvt. Ltd. Hyderabad, Telangana को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/2/2020

सरकार के अपर सचिव।

D:\YEAR = 2020\SEC = 06 (SIX)\Abhi-06.doc